माँगा है मेने श्याम से

माँगा है मेने श्याम से, वरदान एक ही,
तेरी कृपा बनी रहे,जब तक है जिंदगी,

जिस पर प्रभु का हाथ था,वो पार हो गया,
जो भी सरण में आ गया,उद्धार हो गया,
जिसका भरोसा श्याम पर,डूबा कभी नहीं,
तेरी कृपा बनी रहे............

कोई समझ सका नहीं,माया बड़ी अजीब,
जिसने प्रभु को पा लिया,है वो खुसनसीब,
इसकी मर्जी के बिना,पत्ता हिले नहीं,
तेरी कृपा बनी रहे.......

ऐसे दयालु श्याम से,रिस्ता बनाइये,
मिलता रहेगा आपको,जो कुछ भी चाइए,
ऐसा करिश्मा होगा जो,हुआ कभी नहीं,
तेरी कृपा बनी रहे.......

कहते है लोग जिंदगी,किस्मत की बात है,
किस्मत बनाना भी मगर,इसके ही हाथ है,
बनवारी कर यक़ीन अब,ज्यादा समय नहीं,
तेरी कृपा बनी रहे......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2910/title/manga-he-mane-shyam-se-vardhan-ek-hi-teri-kirpa-bani-rahe-jab-tak-hai-zindgai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |